भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2442

सोमवार, 3 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

एनसीएस पोर्टल की जवाबदेही और परिणाम मूल्यांकन

2442. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल पर अत्यधिक सार्वजनिक व्यय के बावजूद, पंजीकृत बेरोजगारों का वास्तविक रोजगार सृजन असंतोषजनक बना हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान, पंजीकृत बेरोजगारों, रिक्तियों, वास्तविक प्लेसमेंट, प्लेसमेंट अनुपात और निष्क्रिय पंजीकरण का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पोर्टल की एआई-आधारित जॉब मैचिंग, कौशल पूर्वानुमान और नियोक्ता सत्यापन प्रणालियों की सटीकता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए किसी स्वतंत्र तीसरे पक्ष से लेखापरीक्षा कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी निष्कर्ष क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार का खराब प्लेसमेंट परिणामों और एक पूर्णतः एकीकृत एकल-खिड़की रोजगार प्लेटफॉर्म स्थापित करने में हुई देरी के लिए जवाबदेही तय करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ) सरकार रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने तथा रोजगार सहायता सेवाएँ, जैसे रोजगार चाहने वालों का पंजीकरण, उद्यमों से रिक्तियों का संग्रह, व्यावसायिक एवं परामर्श मार्गदर्शन आदि उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय रोजगार सेवा का कार्यान्वयन कर रही है। राष्ट्रीय रोजगार सेवा को राष्ट्रीय करियर सेवा में परिवर्तित कर दिया गया है। राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस पोर्टल पर शुरुआत से लेकर अब तक 6.64 करोड़ से अधिक नौकरी चाहने वाले पंजीकृत हैं, जिनमें से 15.07.2026 तक 2.89 करोड़ सक्रिय नौकरी चाहने वाले हैं। साथ ही, पोर्टल पर शुरुआत से लेकर अब तक 10.05 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं, जिनमें से 15.07.2026 तक 17.68 लाख सक्रिय रिक्तियां हैं। देश भर में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जानकारी और जुटाई गई रिक्तियों की संख्या **https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx**. पर देखी जा सकती है

एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। तथापि, नौकरी पर भर्ती संबंधी आंकडे केवल उस सीमा तक उपलब्ध होते हैं जितनी नियोक्ताओं द्वारा स्वेच्छा से सूचित किए जाते हैं।

पोर्टल में सुधार एक लगातार और गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध तकनीक का इस्तेमाल करके परिवर्तन/अद्यतन की योजना, ज़रूरत के हिसाब से और जब भी आवश्यक हो बनाई जाती हैं। एनसीएस पोर्टल के अद्यतनीकरण में विभिन्न जॉब/स्किल पोर्टल्स (सरकारी/निजी) के साथ एकीकरण, बेहतर एआई फीचर्स, क्लाउड बेस्ड वेब एप्लीकेशन (रोजगार चाहने वाले और नियोक्ता दोनों के लिए), मज़बूत सत्यापन तंत्र, बहुभाषी समर्थन आदि शामिल हैं।

सरकार प्रत्येक वित्त आयोग की अवधि शुरू होने से पहले सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की सुनियोजित समीक्षा और मूल्यांकन करती है ताकि उनकी लगातार प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और बदलती प्राथमिकताओं के साथ तालमेल को सुनिश्चित किया जा सके।

मंत्रालय ने कई सार्वजनिक और निजी नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफार्मों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि सभी रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार अवसर बढ़ाने हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूत किया जा सके। अब तक 40 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनमें अपना, स्विगी, रैपिडो, जोमैटो, अमेज़ॅन, टीसीएस आईओएन, क्विकर, फाउंडइट (मॉन्स्टर) आदि कई निजी भागीदारों के साथ हुए समझौता ज्ञापन भी शामिल हैं जो एनसीएस पोर्टल पर जॉब फेयर लिस्टिंग, कौशल विकास कार्यक्रम, करियर काउंसलिंग आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

*****